सेन्ट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया
Central Bank of India
CENTRAL TO YOU SINCE 1911

**क्षेत्रीय कार्यालय, दरभंगा** **Regional Office,Darbhanga**

क्षेत्र/कृषि एवं सामाजिक बैंकिंग विभाग/2025-26/252 दिनांक : 21.01.2026

विषय : संविदा के आधार पर वित्तीय साक्षरता केंद्र (एफएलसी सी), दरभंगा एवं मधुबनी मे सलाह्कार की नियुक्ति।

हमारा बैंक एफ.एल.सी. सी. दरभंगा एवं मधुबनी सलाह्कार हेतु आवेदन आमंत्रित करता है। इसके हेतु निम्न पात्रता रखी गई है :

**1. आयु, शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव (दिनांक 21.01.2026 को)**

| क्र | पद का नाम | आयु 21.01.2026 को | शैक्षणिक योग्यता | अनुभव एवं अन्य अर्हताएं |
|---|---|---|---|---|
| 1. | परामर्शदाता , वित्तीय साक्षरता केंद्र, दरभंगा एवं मधुबनी<br><br>कुल पद-2 | अच्छे स्वास्थ्य के साथ आयु 45 वर्ष से अधिक और 65 वर्ष से कम होना चाहिए । | अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता –<br><br>1. यूजीसी से मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक।<br>2. कंप्यूटर साक्षर होना चाहिए , एम.एस. ऑफिस, इंटरनेट, स्थानीय भाषा का बुनियादी ज्ञान होना चाहिए।<br>3. स्थानीय भाषा में उत्कृष्ट संप्रेषण कौशल आवश्यक है।<br><br>1. किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक के स्केल 1 अधिकारी के पद से | अनिवार्य :<br>आवेदक पूर्व नियोक्ता के यहां बेदाग सेवानिवृत हुआ हो तथा पूर्व नियोक्ता से संतोषजनक सेवा प्रमाण पत्र प्राप्त किया हुआ हो ।<br>आवेदक को अधिकारी अथवा स्थानीय कर्मचारी के रूप में 10 साल का अनुभव होना चाहिए ।<br><br>आवेदक उसी राज्य का निवासी होना चाहिए , अधिमानत: उसी या आस पास के जिले का होना चाहिए । |

**क्षेत्रीय कार्यालय, नाका संख्या 6, करमगंज , लहेरियासराय, दरभंगा, बिहार846001-**
**Regional Office, Naka No-6, Karamganj, Laheriyasarai, Darbhanga, Bihar-**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | सेवानिवृत / वी.आर.एस. प्राप्त अधिकारी ( SBI और RRBs ) को प्राथमिकता दी जाएगी अथवा<br>2. भूतपूर्व सैनिक / बैंक के अलावा अन्य कर्मचारी (जैसे सरकारी स्कूल शिक्षक आदि) जिनके पास बैंकिंग और वित्तीय सेवाओं का ज्ञान हो और प्रासंगिक IIBF प्रमाणन पाठ्यक्रम पूरा किया हो। | |

आवेदक को संविदा आधार पर संतोषजनक कार्य निष्पादन के आधार पर एक वर्ष हेतु नियुक्त किया जाएगा।
एक वर्ष पश्चात सदस्य की सेवाओं का रिन्यूवल पूर्णतया बैंक के तत्कालीन नियमों, नीतियों के आधार पर बैंक के विशेषाधिकार (Sole Discretion) पर किया जा सकता है ।

**2. संविदा राशि एवं अन्य यात्रा खर्चे :**

संविदा राशि ₹25,000/- प्रतिमाह तथा ₹1000/- मोबाईल एवं कन्वेंस के दिये जा सकेंगें । किसी भी आवेदक को अन्य कोई अतिरिक्त लाभ, भत्ता अथवा खर्च आदि देय नहीं होगें ।

**3. अवकाश :** आवेदक को प्रति वर्ष 15 दिन, प्रतिमाह अधिकतम 02 दिन का अवकाश स्वीकृत किया जा सकेगा।

**4. जॉब प्रोफाइल:** आवेदक एफ.एल.सी.सी. के काउंसलर के रूप में कार्य करेंगे तथा एफ.एल.सी.सी. से संबंधित समस्त क्रय सम्पन्न करेंगे।

**5. चयन प्रक्रिया:** योग्य आवेदकों को व्यक्तिगत साक्षात्कार हेतु बुलाया जाएगा। आवेदक के चयन का निर्णय पूर्णतः बैंक के निर्णय अनुसार होगा, जिसे कहीं विवाद का विषय नहीं बनाया जा सकेगा।

**6. आवेदन की प्रस्तुति :** अर्हता प्राप्त आवेदक अनेक्जर-ए में दिए गए फार्मेट में आवेदन पत्र भरें एक लिफाफे में आवेदन रखकर लिफाफे के उपर "Application for the post of Recruitment as Counselor for FLCC on contract Basis" लिखकर निम्न पते पर प्रेषित कर सकते हैं : क्षेत्रीय प्रबंधक, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, क्षेत्रीय कार्यालय, नाका संख्या 6, करमगंज , लहेरियासराय, दरभंगा, बिहार 846001-

**7. आवेदन शुल्क:** आवेदन शुल्क निःशुल्क रखी गई है।
सामान्य अनुदेश

8. केवल वही सदस्य आवेदन प्रस्तुत करें जो उपर्युक्त अर्हताओं के अनुसार पात्रता रखते हों। साथ ही आवेदन में संपूर्ण जानकारी पूर्णतः सही एवं स्पष्ट रूप से भरी जानी चाहिए। यदि बाद में यह पाया जाता है कि आवेदक निर्धारित अर्हताएं पूर्ण नहीं करता है अथवा आवेदन में गलत जानकारी/भ्रामक तथ्य प्रस्तुत किए गए हैं, तो ऐसी स्थिति में उसकी नियुक्ति तत्काल प्रभाव से बिना किसी नोटिस के रद्द मानी जाएगी तथा बैंक सदस्य के विरुद्ध उचित कार्यवाही करने को स्वतंत्र होगा।

ब) किसी भी योग्य मामले में किसी भी अर्हता हेतु बैंक प्रबंधन रियायत प्रदान कर सकता है। बैंक प्रबंधन को यह अधिकार होगा कि वह उक्त विज्ञापित पद को भरने या न भरने हेतु पूर्णतः स्वतंत्र रहेगा।

स) विदित हो कि केवल विज्ञापन के आधार पर आवेदन की शर्तें पूर्ण करने, एवं तदनुसार आवेदन प्रस्तुत करने मात्र से किसी भी आवेदक को साक्षात्कार हेतु बुलावे का अधिकार प्रदान नहीं करता है ।

9. आवेदन की अंतिम तिथि : आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 29.01.2026 रखी गई है, अंतिम तिथि तक आवेदन वर्णित पते पर पहुंच जाने चाहिए अन्यथा संबंधित आवेदन पर विचार नहीं किया जा सकेगा ।

(अरुप कुमार मंडल)
क्षेत्रीय प्रमुख
क्षेत्रीय कार्यालय, दरभंगा